1	2	3	4
6.	मध्य प्रदेश	20.55	10.77
7.	महाराष्ट्र	29.80	18.32
8.	राजस्थान	14.60	10.51
9.	हरियाणा	12.60	5.95
10.	पंजाब	16.25	8.15
11.	उत्तर प्रदेश	42.55	17.60
12.	हिमाचल प्रदेश	2.40	1.05
13.	जम्मू एंव कश्मीर	3.15	---
14.	बिहार	31.60	19.10
15.	उड़ीसा	11.15	7.85
16.	पश्चिम बंगाल	38.00	12.61
17.	असम	4.70	—
18.	त्रिपुरा	0.80	0.51
19.	मणिपुर	1.15	—
20.	मेघालय	0.20	0.10
21.	अरूणाचल प्रदेश	0.05	—
	कुल :	310.00	149.99

गुजरात में स्वीकृत किये गये मछली पत्तन

8339. **श्री खिमनभाई हरिभाई शुक्ल :**
श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93, 1993-94, 1994-95 और 1995-96 के दौरान गुजरात में किन-किन मछली पत्तनों को स्वीकृति दी गई ;

(ख) प्रत्येक मछली पत्तन हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई ;

(ग) प्रत्येक मछली पत्तन परियोजना पर अब तक किये गये कार्यों का ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार ने इन परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए गुजरात सरकार को कोई निदेश दिये हैं ; और

(ङ) यदि हां, तो इस पर राज्य सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) तथा (ख) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है **(नीचे देखिए)**

(ग) जखाऊ और मंगरोला में मत्स्य बन्दरगाहों के चरण–II के निर्माण कार्य के लिए गुजरात सरकार द्वारा प्राप्त निविदाओं की जांच परख का काम चल रहा है। राज्य सरकार ने दोनों ही परियोजनाओं के लिए पर्यावरण पर पड़ने वाल प्रभाव के आंकलन की रिपोर्ट पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को सौंप दी है ताकि निर्माण कार्य शुरु करने के पहले पर्यावरण की दृष्टि से अनापति प्रमाण पत्र मिल सके ।

(घ) तथा (ङ) जखाऊ और मंगरोला में मत्स्य बन्दरगाहों के चरण-II के निर्माण में होने वाली देरी से बचने तथा निर्माण लागत में संभावित वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से भारत सरकार व राज्य सरकारों से आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्रातिशिघ्र पूरा करने के लिए आग्रह किया है । राज्य सरकार ने दोनों मत्स्य बन्दरगाहों को बहुत जल्द पूरा करने में अपनी रुचि दिखाई है ।

विवरण

वर्ष 1991–92, 1992–93, 1993–94 और 1994–95 के दौरान जिन मत्स्यपतनों को स्वीकृति दी गई उनका वर्षवार ब्यौरा

वर्ष	स्वीकृत मत्स्य बन्दरगाह परियोजना	अनुमोदित लागत/ अनुमोदित कुल परियोजना लागत
		(लाख रु. में)
1990–91	शून्य	शून्य
1991–92	शून्य	शून्य
1992–93	शून्य	शून्य
1993–94	I जखाऊ	1143.60
	II मंगरोल	701.00
	चरण–II	
1994–95	शून्य	शून्य
1995–96 (31 मई, 1995 तक)	शून्य	शून्य